“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीः आषाढ़ 02, 1944
बुधवारः 22 जून 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष श्री रिचर्ड मार्ल्स ने नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की

संयुक्त प्रेस वक्तव्य

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री श्री रिचर्ड मार्ल्स ने 22 जून 2022 को नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों में हो रही प्रगति की समीक्षा की और भविष्य में सहयोग प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की।

मंत्रियों ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा और सुरक्षा स्तंभों की समीक्षा की। उन्होंने लोकतंत्र और विधि के शासन की आपसी विश्वास और समझ, साझा हितों और साझा मूल्यों पर आधारित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के कार्यान्वयन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा अभ्यासों और आदान-प्रदान की बढ़ती विविधता तथा आवृत्ति का स्वागत किया और भारत-ऑस्ट्रेलिया आपसी रसद सहायता व्यवस्था के माध्यम से परिचालन संबंधी कार्यक्रम पर सहमति जतायी।

दोनों मंत्रियों ने रक्षा अनुसंधान और सामग्री सहयोग पर भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्धता व्यक्त की। संयुक्त कार्य समूह की इस वर्ष के अंत में ऑस्ट्रेलिया में बैठक सुनिश्चित है। यह संयुक्त कार्य समूह रक्षा उद्योगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है। मंत्रियों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं के लचीलेपन को बढ़ाने और अपने संबंधित रक्षा बलों को क्षमताएं प्रदान करने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच औद्योगिक सहयोग के अवसरों को बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा औद्योगिक संचालन केंद्रों के बीच संबंधों और अवसरों को बढ़ाने के लिए साधनों की खोज करने पर सहमति व्यक्त की।

दोनों मंत्रियों ने 2022 के उत्तरार्द्ध में ऐतिहासिक जनरल रावत यंग ऑफिसर एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने की योजना का स्वागत किया, जिसकी घोषणा 21 मार्च 2022 को दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच आभासी रूप में आयोजित शिखर- सम्मेलन के दौरान की गई थी।

मंत्रियों ने रणनीतिक चुनौतियों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और विधि-आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र के अपने साझा उद्देश्य की पुष्टि की। उन्होंने अक्टूबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया के हिंद प्रशांत 'इंडेवर एक्सरसाइज' में भारत की भागीदारी पर चर्चा की।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय समर स्मारक का दौरा किया और स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी। श्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक से पहले ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

रिचर्ड मार्ल्स 20-23 जून 2022 तक भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने 21 जून 2022 को गोवा का दौरा किया जिसमें उन्हें गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के निरीक्षण और स्वदेशी ड्रोन विकास तथा स्वायत्त वाहन प्रौद्योगिकी में भारत के बढ़ते कौशल के अवलोकन करने का अवसर मिला।

एबीबी/डीएस/आरपी